प्रेस नोट
जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक 17.09.2023

जनपद अम्बेडकरनगर थाना हंसवर क्षेत्र अंतर्गत एक स्कूल छात्रा की मृत्यु में नामजद तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आज दिनांक 17.09.2023 को मेडिकल परीक्षण ले जाते समय संबन्धित अभियुक्तो द्वारा रास्ते में ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों से असलहा छीन कर भागने का प्रयास करने के उपरान्त हुई पुलिस मुठभेड़ में दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगने व एक अभियुक्त भागने के दौरान चोटिल के उपरान्त गिरफ्तार किया गया।

घटना के सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.09.2023 समय लगभग 15.30 बजे दो छात्रा रामराजी इण्टर कॉलेज हीरापुर से पढ़कर घर वापस आ रही थी। हीरापुर बाजार रास्ते में बाइक सवार दो युवकों द्वारा एक साइकिल सवार स्कूली छात्रा से छेडखानी की गयी जिसके उपरान्त छात्रा की साइकिल का संतुलन बिगड़ गया तथा पीछे से आ रही मोटरसाइकिल की चपेट में आने से घायल हो गयी जिसको स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। मृत छात्रा के परिजनों द्वारा थाना स्थानीय पर दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 177/2023 धारा 354 279 304A भादवि बनाम 01. शहवाज पुत्र जमाल निवासी हरसम्हार थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर 02. अरवाज पुत्र जमाल निवासी हरसम्हार थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर 03. फैसल पुत्र अज्ञात निवासी आरिबपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए स्थानीय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर सीसीटीवी फूटेज व स्थानीय व्यक्तियों की मदद से नामजद तीनों अभियुक्तों की शिनाख्त करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के उपरान्त पंजीकृत अभियोग में 302 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी है।

आज दिनांक 17.09.23 को थाना हंसवर पुलिस द्वारा नामजद तीनों अभियुक्तों को मेडिकल परीक्षण/रिमाण्ड हेतु थाना बसखारी रोड पर जा रहे थे कि अभियुक्त सहबाज उपरोक्त पेशाब करने का अनुनय-विनय करने लगा, मानवीय दृष्टिकोण को दृष्टिगत रखते हुए पेशाब करने के लिये सिंहपुर गाँव के पास खेत के किनारे रुके कि अचानक शहबाज ने मु0 आरक्षी अजीज अली को धक्का देकर उसकी राइफल छीन कर खेतो की ओर भागा तत्समय शेष दोनो अभियुक्त भी उसी ओर गाडी से कूदकर भागने लगे, हंसवर पुलिस टीम द्वारा भागे अभियुक्तों को पकडने हेतु पीछा किया गया तो अभियुक्त शहबाज ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जिससे सभी पुलिस कर्मी अचानक हुए हमले से बाल-2 बच गये तथा तत्काल मौजूद पुलिस टीम द्वारा आरटी- सेट के माध्यम से कन्ट्रोल रुम को अवगत कराते हुए पुलिस बल की माँग की गयी। तत्पश्चात थाना बसखारी पुलिस टीम भी मौके पर आ गयी। खेतो मे मेड की आड मे छिपे बदमाशो को कई बार चेतावनी दी गई तो बदमाशों ने पुलिस कर्मियो को जान से मारने की नियत से पुनः फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त बदमाशो को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से आत्मरक्षार्थ गोली चलायी जिसके फलस्वरुप शहबाज व फैसल पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए तीनो बदमाशो को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया तथा बदमाशो के द्वारा पुलिस टीम से छीनी गई राइफल को बरामद किया गया।

सम्बन्धित प्रकरण के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 178/23 धारा 394/411 /224/307 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया है। तथा घायल बदमाशो को उपचार हेतु सीएचसी बसखारी भेजा गया।

विवरण घायल व गिरफ्तार अभियुक्त

01. शहवाज पुत्र जमाल निवासी हरसम्हार थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर

02. अरवाज पुत्र जमाल निवासी हरसम्हार थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर

03. फैसल पुत्र अज्ञात निवासी आरिबपुर थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर

विवरण पंजीकृत अभियोग

01.मु0अ0सं0- 177/2023 धारा 354 279 ,302 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर।

02. मु0अ0सं0 178/23 धारा 394/411 /224/307 भादवि थाना हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम

01. थाना प्रभारी हंसवर मय फोर्स

02. थाना प्रभारी बसखारी मय फोर्स